भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
मौखिक प्रश्न सं. 89
गुरुवार, 9 फरवरी, 2023/20 माघ, 1944 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

पंजाब में प्रसाद योजना

89. श्री राघव चड्ढा:

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश भर में, विशेषकर पंजाब राज्य में, कितने सिख तीर्थ स्थलों को पर्यटन सूची में शामिल किया गया है;

(ख) क्या सरकार ने नए तीर्थ स्थलों की पहचान करने के लिए पंजाब राज्य सरकार के साथ समन्वय स्थापित करने का कोई प्रयास किया है ताकि उनमें से कुछ तीर्थ स्थलों को 'तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक संवर्धन अभियान' (प्रसाद योजना) में शामिल किया जा सके और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार देश भर में सिख तीर्थ स्थलों पर पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए एक विशेष पैकेज प्रदान करने का विचार रखती है, और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (ग) : एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है ।

*****

पंजाब में प्रसाद योजना के संबंध में दिनांक 09.02.2023 के राज्य सभा के मौखिक प्रश्न सं. 89 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में विवरण

(क) : किसी गंतव्य को ''पर्यटक स्थल'' घोषित करना पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार के कार्यक्षेत्र में शामिल नहीं है ।

(ख) : पर्यटन मंत्रालय की प्रशाद योजना के अंतर्गत संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों से प्राप्त परियोजना प्रस्तावों के आधार पर योजना के दिशानिर्देशों के अनुरूप गंतव्यों की पहचान और परियोजनाओं का अनुमोदन एक सतत प्रक्रिया है । पंजाब की राज्य सरकार से प्राप्त अनुरोधों के आधार पर तीर्थयात्रा पर्यटन अवसंरचना के विकास संबंधी योजना में अमृतसर में करूणासागर वाल्मीकि स्थल और रोपड़ (रूपनगर) के चमकौर साहिब को शामिल किया गया है । इस योजना के अंतर्गत राज्य के लिए अनुमोदित परियोजनाओं की स्थिति नीचे दी गई है :

			करोड़ रु. में		
क्र. सं.	परियोजना का नाम	स्वीकृति वर्ष	लागत	जारी	ब्यौरा
1	अमृतसर में करुणासागर वाल्मीकि स्थल का विकास	2015-16	6.40	6.40	पूर्ण
2	प्रशाद योजना के तहत पंजाब के रोपड़ में चमकौर साहिब का विकास	2021-22	31.57	7.26	कार्य प्रगति पर

(ग) : पर्यटन मंत्रालय आतिथ्य सहित घरेलू संवर्धन और प्रचार (डीपीपीएच) तथा विदेशों में संवर्धन और प्रचार (ओपीपी) नामक अपनी योजनाओं के तहत विभिन्न पहलों के माध्यम से पंजाब के धार्मिक स्थलों सहित भारत का समग्र रूप से संवर्धन करता है । मंत्रालय अपने सोशल मीडिया हैंडल्स के जरिए भी तीर्थस्थलों सहित विभिन्न पर्यटन गंतव्यों का नियमित रूप से संवर्धन करता है । इसके अतिरिक्त 'उत्सव पोर्टल' जो मंत्रालय की एक डिजिटल पहल है, का लक्ष्य देश के विभिन्न क्षेत्रों को विश्वव्यापी रूप से लोकप्रिय पर्यटक गंतव्यों के रूप में बढ़ावा देने के लिए पूरे भारत के सभी समारोहों, त्योहारों और लाइव दर्शन को प्रदर्शित करना है । इस पोर्टल में पंजाब राज्य के समारोहों और त्योहारों सहित सभी त्योहारों, समारोहों और ऑनलाइन पूजा/आरती से संबंधित माह-वार और राज्य-वार कैलेंडर सामग्री प्रदर्शित की जाती है ।

*****